*प्रेस नोट*

***थाना अमरोहा देहात पुलिस द्वारा हत्या की घटना का सफल अनावरण, हत्या करने वाला शातिर हत्याभियुक्त गिरफ्तार* ।**

पुलिस अधीक्षक अमरोहा श्री आदित्य लांग्हे के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्री चन्द्र प्रकाश शुक्ल अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व एवं क्षेत्राधिकारी धनौरा के निकट पर्यवेक्षण में थाना मंडी धनौरा पुलिस द्वारा हत्या की घटना का सफल अनावरण कर हत्या करने वाला अभियुक्त मृतका का बेटा गिरफ्तार। ज्ञात हो कि दिनांक 29.06.2022 को थाना मंडी धनौरा क्षेत्र के ग्राम पेली तगा मे श्रीमती सुनीता पत्नी स्व0 भूदेव सिंह का शव उसके ही घर से मिला था जिसके सम्बन्ध में मृतका के बेटे प्रसान्त पुत्र स्व0 भूदेव सिंह त्यागी निवासी ग्राम पेली तगा ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपनी माँ की हत्या करने के सम्बन्ध में थाना मंडी धनौरा पर तहरीर दी जिसके आधार पर थाना मंडी धनौरा पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया है।

घटना की गम्भीरता को देखते हुये घटना के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक अमरोहा द्वारा क्षेत्राधिकारी धनौरा के नेतृत्व में टीमों का गठन करते हुए थानाध्यक्ष थाना मंडी धनौरा को निर्देशित किया जिसके क्रम में पुलिस टीम के अथक प्रयासोपरांत घटना का सफल अनावरण करते हुये आज दिनांक 06.07.2022 को उक्त हत्या की घटना में संलिप्त हत्याभियुक्त 1. प्रसान्त पुत्र स्व0 भूदेव सिंह त्यागी निवासी ग्राम पेली तगा थाना मंडी धनौरा जनपद अमरोहा को गिरफ्तार किया गया जिनकी निशादेही पर घटना में प्रयुक्त रस्सी (जिससे गला दबाया था) बरामद की गयी है।

पूछताछ विवरण:- पुछताछ पर प्रशान्त द्वारा हत्या करने की घटना को स्वीकार करते हुये बताया कि दिनांक 29.06.2022 को जब मै खेत से करीब एक ढेड बजे वापस आया और दरवाजे से मां को आवाज लगायी थी मां बाहर नही निकली तो मैने दरवाजा खोला तो देखा कि गांव का एक व्यक्ति को मां की चारपाई पर बैठे देखा था जो मुझे देखकर बाहर की तरफ भागने लगा तो मैने कुछ दूर तक पीछा किया लेकिन हाथ नही आया था मै वापस घर आया और अपनी माँ से उस व्यक्ति के आने के बारे में पूछा तो कुछ नही बोली सर्मिंदा हो रही थी मुझे बहुत गुस्सा आ गया मै अपनी माँ को सुनाने लगा इतने में ही माँ ने पास में पडी रस्सी को उठाकर अपने गले में बाँधकर दोनो हाथो से टाईट करके खींचने लगी कहने लगी मै मर जाऊंगी तो मैने कहा तूने बहुत बदनामी करा रखी है तेरा मर जाना ही सही है फिर मैने अपने हाथो से रस्सी को पूरी ताकत से खींच दिया था इतने पर मेरी माँ मर गयी फिन मैने माँ को चारपाई पर लिटाकर चादर डाल दी थी और फोन करके सबको माँ के मरने की खबर दे दी उसके बाद डायल-112 पर फोन करके उनको सूचना दी की मेरी माँ को किसी ने मार दिया है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण:-

1. प्रसान्त पुत्र स्व0 भूदेव सिंह त्यागी निवासी ग्राम पेली तगा थाना मंडी धनौरा जनपद अमरोहा

बरामदगी:-

1. घटना में प्रयुक्त रस्सी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1. थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार थाना अमरोहा देहात जनपद अमरोहा।
2. उ0नि0 अरुण गिरी थाना अमरोहा देहात जनपद अमरोहा।
3. हे0का0 रघुवीर सिंह थाना अमरोहा देहात जनपद अमरोहा।
4. का0170 बन्टी कुमार थाना अमरोहा देहात जनपद अमरोहा।

*PRO CELL AMROHA*